भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या–757

दिनांक 26.07.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

पासपोर्ट सेवा केंद्र

757. श्री प्रवीण पटेलः

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदेः

श्री नरेश गणपत म्हस्केः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में पासपोर्ट सेवा केन्द्रों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों की राज्य-वार संख्या कितनी है:
(ख) महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश राज्य में पासपोर्ट सेवा केन्द्रों की कुल संख्या कितनी है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में पासपोर्ट आवेदनों की संख्या में समग्र रूप से कितने प्रतिशत वृद्धि देखी गई है; और

(घ) क्या उक्त आवेदनों की संख्या में वृद्धि के अनुपात में पासपोर्ट केन्द्रों में अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री कीर्ति वर्धन सिंह)

(क) वर्तमान में पासपोर्ट सेवा केन्द्रों(पीएसके) और डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्रों(पीओपीएसके) में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों की राज्यवार संख्या अनुबंध–1 में दी गई है।

(ख) महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश राज्यों में पीएसके और पीओपीएसके की कुल संख्या निम्नानुसार हैः–

क्रम सं०	**राज्य**	**पीएसके**	**पीओपीएसके**	**कुल**
1.	महाराष्ट्र	08	41	49

2.	उत्तर प्रदेश	06	51	57

(ग) विगत पांच(05) वर्षों के दौरान जारी किए गए पासपोर्टों की संख्या में महाराष्ट्र में 16.45% और उत्तर प्रदेश में 38.66% की समग्र वृद्धि देखी गई है, जिसका विवरण नीचे दिया गया हैः–

राज्य	**2019**	**2020**	**2021**	**2022**	**2023**	वर्ष **2019** से हुई वृद्धि का **%**
महाराष्ट्र	12,96,683	5,66,199	7,64,668	12,50,829	15,10,112	16.45%
उत्तर प्रदेश	9,87,102	4,96,619	6,42,165	11,15,650	13,68,760	38.66%

(घ) मंत्रालय ने केन्द्रीय पासपोर्ट संगठन(सीपीओ) के पात्र अधिकारियों एवं कर्मियों की नियमित पदोन्नित, सीपीओ में अधिकारियों और कर्मचारियों की सीधी भर्ती एवं प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति तथा संविदा के आधार पर कर्मचारियों की नियुक्ति विभिन्न कदम उठाकर जनशक्ति में वृद्धि की है।

*****

अनुबंध–1

पासपोर्ट सेवा केन्द्रों(पीएसके) और डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्रों(पीओपीएसके) में काम करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या –

(राज्य–वार)

क्रम सं०	राज्य	(पीएसके) और (पीओपीएसके) में कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संख्या
1.	आंध्र प्रदेश	32
2.	असम	15
3.	बिहार	20
4.	छत्तीसगढ़	10
5.	गोवा	04
6.	गुजरात	63
7.	हिमाचल प्रदेश	07
8.	झारखंड	07
9.	कर्नाटक	38
10.	केरल	120
11.	मध्य प्रदेश	14
12.	महाराष्ट्र	111
13.	ओडिशा	05
14.	पंजाब	46
15.	राजस्थान	26
16.	तमिलनाडु	71
17.	तेलंगाना	44
18.	उत्तर प्रदेश	90
19.	उत्तराखंड	12
20.	पश्चिम बंगाल	30
21.	चंडीगढ़	38
22.	जम्मू एवं कश्मीर	28
23.	दिल्ली	57
कुल		**888**

*****